**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–10.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का बड़ा ऐलान, स्वास्थ्य विभाग में 10 हज़ार पदों पर होगी नियुक्ति, 6 हज़ार महिलाओं की भागीदारी की जाएगी सुनिश्चित।
2. रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने का लिया निर्णय, यात्रियों को वापसी यात्रा पर 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट, 14 तारीख से शुरू होगी बुकिंग।
3. एसीबी ने हजारीबाग खासमहल जमीन घोटाला मामले में की बड़ी कार्रवाई, तत्कालीन खासमहल अधिकारी समेत सात आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी।
4. जैक की मैट्रिक और इंटरमीडिएट सप्लीमेंट्री परीक्षा 23 अगस्त से होगी शुरू, 2 से 8 सितंबर तक ली जाएगी प्रायोगिक परीक्षा।
5. 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंची झारखंड अंतिम आठ के मुकाबले में पंजाब पर दर्ज की शानदार जीत।

****************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में दस हज़ार पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इनमें छह हजार पदों पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विभाग द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है ताकि लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सके।

****************

रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत यात्रियों को वापसी यात्रा पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इस योजना के तहत छूट तब लागू होगी जब जाने की और वापसी की, दोनों यात्राओं के लिए एक ही यात्री–समूह के लिए टिकट बुक किए जाएंगे। इस योजना के तहत 13 अक्तूबर की अवधि के लिए बुकिंग इस महीने की 14 तारीख से शुरू होगी।

****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि हर घर तिरंगा को पूरे भारत में अभूतपूर्व लोकप्रियता मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लोगों को एकजुट करने वाली देशभक्ति की भावना और तिरंगे पर उनके अटूट गर्व को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से harghartiranga.com पोर्टल पर तस्वीरें और सेल्फी साझा करते रहने का आग्रह किया।

****************

प्रदेश भाजपा हर घर तिरंगा अभियान के तहत राज्यभर में लगभग 70 लाख तिरंगा वितरित करेगी। पार्टी के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने बताया कि इस अभियान के तहत हर घर तिरंगा पहुंचाया जाएगा।

****************

एसीबी ने हजारीबाग खासमहल जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन खासमहल अधिकारी समेत सात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीबी को इन सभी के विरुद्ध आरंभिक जांच में कई साक्ष्य मिले थे। जिसके बाद उसने राज्य सरकार से प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। 1948 में एक ट्रस्ट को दी गई खास महल जमीन को गलत तरीके से निजी व्यक्तियों को आवंटित किए जाने से जुड़ा यह मामला है।

****************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने रांची के नगड़ी में रिम्स– टू की प्रस्तावित जमीन पर 24 अगस्त को हल चलाने का ऐलान किया है। इस मौके पर वे आदिवासियों की एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी अस्तित्व के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

****************

राज्य भर में 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की आज शुरुआत होगी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी जामताड़ा जिले से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे।

****************

आद्रा रेल मंडल के चांडिल स्टेशन के पास दो मालगाड़ियों के बीच कल हुई टक्कर की वजह से आज भी टाटानगर– पटना टाटानगर वंदे भारत, टाटानगर– हटिया– टाटानगर एक्सप्रेस, टाटानगर– हटिया– टाटानगर मेमू रद्द रहेगी। वहीं, रांची– हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग से होगा।

****************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल, जैक ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट सप्लीमेंट्री परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस महीने की 23  से 29 तारीख तक मैट्रिक तथा 23 अगस्त से 1 सितंबर तक इंटरमीडिएट की सप्लीमेंट्री परीक्षा आयोजित होगी। प्रैक्टिकल परीक्षा दो से 8 सितंबर के बीच ली जाएगी। इन दोनों ही परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थी 18 अगस्त से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

****************

लोहरदगा जिले में किसान लाह की खेती से जुड़कर आर्थिक रुप से सशक्त बन रहे हैं।

****************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर, देवघर में जबरन प्रवेश को लेकर दर्ज कराई गई प्राथमिकी के सिलसिले में मंदिर थाना पहुंचकर उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर व्यक्तिगत विद्वेष की भावना से  इस प्रकार की कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

****************

गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र स्थित अटका में वन विभाग की टीम ने सात आरा मिलों पर छापेमारी की। इस दौरान यहां लगभग पांच लाख रुपए की अवैध लकड़ियों के साथ मशीन, जेनरेटर समेत कई अन्य सामान बरामद किए गए।

****************

खूंटी जिला के अड़की थाना क्षेत्र स्थित खुदीमाड़ी गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई थे। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

****************

15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में झारखंड की टीम ने जगह पक्की कर ली है। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में चल रही इस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में झारखंड की बच्चियों ने शानदार खेल दिखाते हुए पंजाब पर तीन एक से जीत दर्ज की। झारखंड के लिए स्वीटी डूंगडुंग, शांति कुमारी और रोशनी आईंद ने  गोल किए।

****************

जमशेदपुर में जीएसए प्रीमियर डिवीजन लीग 19 अगस्त से दोबारा शुरू होकर 18 सितंबर तक चलेगा। सभी मैच मूलगावकर स्टेडियम व जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दोपहर साढ़े तीन बजे से खेले जाएंगे।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने चांडिल स्टेशन के पास दो मालगाड़ियों की टक्कर के बाद कई ट्रेन सेवा प्रभावित होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–रांची सदर अस्पताल में गर्भवती को एम्बुलेंस से उतारकर पैदल ले जाने पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–पिछले साल से धानरोपनी दोगुनी, फिर भी 28 प्रतिशत पीछे।

प्रभात खबर ने लिखा है– शिक्षक नियुक्ति में 9 हजार 9 सौ 99 का रिजल्ट जारी, 7 हजार 2 सौ संतावन पद रिक्त।

दैनिक जागरण ने लिखा है–आने जाने का टिकट बुक कराने कराने पर रेल किराये में 20 प्रतिशत की छूट।

द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भारतीय वायु सेना प्रमुख द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई कार्रवाई पर दिए बयान की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**************